देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 14 अंक: 339 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**कितना खर्च हुआ और कैसे



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 25 फरवरी 2020



मौसम अधिकतम 23.0° न्यूनतम 11.0°

40363.23

2 चीन बोला– हल्के में नहीं ले सकते

7 हमने पर्याप्त प्रतिस्पर्धा नहीं दिखाई

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी करेंगे राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 फरवरी को उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में पीएम किसान की पहली वर्षगांठ मनाएंगे। इस दौरान किसानों की एक बड़ी रैली का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी किसान क्रेडिट कार्ड के देशव्यापी अभियान की शुरुआत करेंगे। यह जानकारी केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में दी। योजना की सफलता की जानकारी देते हुए कृषि व किसान कल्याण मंत्री तोमर ने बताया कि पश्चिम बंगाल को छोड़कर बाकी सभी राज्यों ने इस योजना में हिस्सा लिया है।

### करण जौहर, एकता के प्रॉडक्शन हाउस पर छापे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने बॉलीवुड के कुछ प्रॉडक्शन हाउस पर श्एक्स्ट्राश के तौर पर मामूली भूमिकाएं करने वालों को दिए जाने वाले भुगतान से कम टैक्स काटे जाने के शक में छापा मारा है। इनमें करण जौहर की धर्मा प्रॉडक्शंस और एकता कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स शामिल हैं। फिल्म निर्माता दशकों से एक्स्ट्रा एक्टर्स को भुगतान करने से पहले 2 पर्सेंट टैक्स या टीडीएस काट रहे हैं।

### बीजेपी ने रामवीर सिंह बिधूड़ी को चुना नेता विपक्ष

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपना नेता विपक्ष चुन लिया है। बीजेपी ने यह जिम्मेदारी रामवीर सिंह बिधूड़ी को दी है। वह बदरपुर सीट से विधायक चुने गए हैं। विधानसभा में नेता विपक्ष चुने जाने पर रामवीर बिधूड़ी ने पीएम मोदी, अमित शाह, जेपी नड्डा समेत सभी बीजेपी विधायकों का धन्यवाद किया। जिम्मेदारी मिलने पर रामवीर सिंह बिधूड़ी बोले, बीजेपी का रचनात्मक विरोध रहेगा। सीएम केजरीवाल ने दुनिया का सबसे सुंदर राज्य बनाने का वादा किया है, इसमें हमारा सहयोग पूरा मिलेगा।

# अमेरिका ने किया भारत को सलाम

- भारत–अमेरिका के रिश्ते मजबूत होंगे: पीएम मोदी

## मोटेरा में ट्रंप–मोदी का सुपरहिट मेगा शो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अहमदाबाद। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और दुनिया की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप अहमदाबाद एयरपोर्ट पहुंचे, जहां पीएम मोदी ने उनका स्वागत किया। साबरमती आश्रम से ट्रंप का काफिला अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम पहुंचा, जहां ट्रंप और पीएम मोदी ने नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम को संबोधित किया। यह कार्यक्रम हाउडी मोदी! कार्यक्रम की तर्ज पर आधारित है, जो पिछले साल सितंबर में अमेरिका के ह्यूस्टन में आयोजित हुआ था।

नमस्ते ट्रंप के दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि भारत–अमेरिका के रिश्ते मजबूत होंगे, उन्होंने ट्रंप को विलक्षण नेता बताया है। उन्होंने कहा कि भारत ने 1500 पुराने कानून, तीन तलाक पर ना सिर्फ कानून बनाया, बल्कि उसे खत्म भी किया। उन्होंने कहा कि भारत में हो रहे परिवर्तनों के बीच अमेरिका देश का सहयोगी बना। मोदी ने कहा कि भारत में डिजिटल इकोनॉमी का विस्तार होगा, अमेरिका के लिए यहां निवेश का अवसर है। उन्होंने साथ ही कहा कि आज भारत न केवल सबसे अधिक उपग्रहों को एक साथ भेजने का विश्व रिकॉर्ड बना रहा है, बल्कि सबसे तेज वित्तीय समावेशन का विश्व रिकॉर्ड भी है।

**भारत–अमेरिका के बीच बड़ा रक्षा समझौताः** ट्रंप साथ ही बोले कि जैसा कि अगर हम अपने रक्षा सहयोग का निर्माण करना जारी रखते हैं, तो अमेरिका भारत को दुनिया में सबसे अच्छे और सबसे बड़े सैन्य उपकरण प्रदान करने के लिए तत्पर है। हम अब तक का सबसे बड़ा हथियार बनाते हैं। हम सर्वश्रेष्ठ बनाते हैं और हम अब इंडी के साथ काम कर रहे हैं।



### पाकिस्तान से रिश्तों को लेकर बोले ट्रंप

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं। इन प्रयासों के लिए धन्यवाद, हम पाकिस्तान के साथ बड़ी प्रगति के संकेत देखने लगे हैं और हम कम तनाव, अधिक स्थिरता और दक्षिण एशिया के सभी देशों के लिए सद्भाव के भविष्य के लिए आशान्वित हैं। ट्रंप ने साथ ही कहा कि पूरी दुनिया में लोग डीडीएलजे और शोले जैसी बॉलीवुड फिल्मों, भांगड़ा और क्लासिक फिल्मों को देखने में बहुत आनंद लेते हैं। आप सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली जैसे महान क्रिकेटरों को खुश करते हैं।



### थैंक यू इंडियाः ट्रंप

आगरा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने परिवार के साथ ताजमहल का दीदार करने सोमवार शाम आगरा पहुंचे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी पत्नी के साथ पूरी दुनिया प्रेम की निशानी के रूप में प्रसिद्ध ताजमहल का दीदार किया है। इस दौरान ताजमहल का का सौंदर्य देखकर डोनाल्ड ट्रम्प मंत्र मुग्ध हो गए। उन्होंने विजिटर बुक में इसके लिए बोला– थैंक यू इंडिया।

### ट्रंप के भारत आने पर क्या बोले मुकेश अंबानी?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। डॉनल्ड ट्रंप दो दिवसीय दौरे पर आज भारत पहुंचे हैं। इस बीच भारतीय मूल के माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला भी भारत के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। आज मुंबई में एक कार्यक्रम में सत्या नडेला और दिग्गज उद्योगपति मुकेश अंबानी ने मंच साझा किया और कई मुद्दों पर बात की। ट्रंप के इस दौरे को लेकर मुकेश अंबानी ने कहा कि ट्रंप का यह दौरा पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के दौरे से काफी अलग है। भारत बन सकता है प्रीमियर डिजिटल सोसायटी– अंबानीमुकेश अंबानी ने कहा कि ट्रंप 2020 में एक नए भारत को देखेंगे। हमारा देश बहुत तेजी के साथ विकास कर रहा है।

## सीएए विरोध के नाम पर जाफराबाद में हिंसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून के विरोध के नाम पर देश की राजधानी दिल्ली में जगह–जगह हो रहे प्रदर्शनों के बीच भड़की हिंसा में आज दिल्ली पुलिस के एक हेड कॉन्स्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वहीं उपद्रवियों के हमले में एक डीसीपी भी घायल हो गए हैं। इसके अलावा प्रदर्शनकारियों की ओर की जा रही पत्थरबाजी में कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। गोकुलपुरी इलाके में प्रदर्शनकारियों की तरफ से की गई फायरिंग में हेड कॉन्स्टेबल की जान चली गई। घायल हुए

### हेड कॉन्स्टेबल की गोली मारकर हत्या, डीसीपी घायल

डीसीपी का नाम अमित शर्मा हैं, जिनकी पोस्टिंग शाहदरा में है। बताया जा रहा है कि विरोधियों की ओर से की गई फायरिंग में रतन लाल नाम के हेड कॉन्स्टेबल की मौत हो गई। हेड कॉन्स्टेबल रतन लाल सहायक पुलिस आयुक्त के कार्यालय से जुड़े हुए थे। जाफराबाद इलाके में भारी संख्या में प्रदर्शनकारी अब भी जमा हैं। प्रदर्शनकारियों ने मौजपुर में दो घरों को आग के हवाले कर दिया है। विरोध के नाम पर सरेआम गुंडागर्दी जारी है।



**घटनास्थल पर पैरा मिलिट्री रवानाः** बताया जा रहा है कि इलाके में अभी पर्याप्त संख्या में पुलिस बल नहीं हैं, लेकिन सूचना मिल रही है कि कुछ ही समय में यहां पैरा मिलिट्री फोर्स की कंपनी पहुंचने वाली है। उपद्रवी बेखौफ दिख रहे हैं। वे पुलिस पर शराब की बोतलों से हमला कर रहे हैं। इसके अलावा लगातार फायरिंग भी की जा रही है।

### हिंसा त्याग दीजिएः केजरीवाल

हेड कॉन्स्टेबल की मौत पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि पुलिस हेड कॉन्स्टेबल की मौत बेहद दुखदायी है। वह भी हम सबमें से एक थे। कृपया हिंसा त्याग दीजिए। इससे किसी का फायदा नहीं। शांति से ही सभी समस्याओं का हल निकलेगा। लोगों को तितर–बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे हैं। जाफराबाद में तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं। यहां एक शख्स बीच रोड पर फायरिंग करते हुए देखा गया।

## दिल्ली पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दो दिवसीय दौरे पर भारत आए हैं। गुजरात के अहमदाबाद में नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप आगरा के ताज महल भी गए। वहीं, अब राष्ट्रपति ट्रंप अब देश की राजधानी दिल्ली पहुंच गए हैं। ट्रंप आईटीसी मौर्य होटल में विश्राम करेंगे। मंगलवार सुबह साढ़े दस बजे डोनाल्ड ट्रंप राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे। सुबह 11 बजे हैदराबाद हाउस में डोनाल्ड ट्रंप प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे। हैदराबाद हाउस में ही प्रेस बयान व समझौतों का आदान–प्रदान किया जाएगा।

## उपद्रवियों पर क्यों ना लागू हो योगी फॉर्मूला?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन कानून के विरोध के नाम पर देश की राजधानी दिल्ली में हिंसा भड़क उठी है। उपद्रवी बेकसूर जनता को सीधे–सीधे निशाना बना रहे हैं। वे सरकारी संपत्तियों को भी नष्ट कर रहे हैं। जाफराबाद में प्रदर्शनकारियों ने 12 से ज्यादा वाहनों को फूंक दिया। घोंडा में बस को जला दिया। भजनपुरा में पेट्रोल पंप को आग के हवाले कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने मौजपुर में दो घरों में भी आग लगा दी। दिल्ली के उत्तर–पूर्वी हिस्से की भयानक तस्वीरें सामने आ रही हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि क्यों ना इन उपद्रवियों के खिलाफ सख्ती बरती जाए।

सीएए के विरोध के नाम पर उत्तर प्रदेश के लखनऊ, सहारनपुर, मेरठ, बाराबंकी, मुरादाबाद, अलीगढ़ जैसे शहरों में भी हिंसा हो चुकी है। लखनऊ और मेरठ में तो प्रदर्शकारी ने सीधे–सीधे पुलिस पर आक्रामक होते दिखे थे। कुछ तस्वीरें तो ऐसी आईं जिसे देखकर ऐसा लग रहा था मानो ये दुनिया के किसी हिंसाग्रस्त देश की है। ऐसे वक्त में जहां कुछ राजनेता उपद्रवियों से संयम बरतने की अपील कर रहे थे, वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाया।

### सख्ती

**क्या कहता है कानून?**

सार्वजनिक संपत्ति नुकसान रोकथाम अधिनियम 1984 के मुताबिक सरकारी या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के दोषी को 5 साल की सजा हो सकती है, साथ ही जुर्माना भी वसूला जाएगा। ऐसे मामलों के दोषियों को तब तक जमानत नहीं मिल सकती, जब तक कि वे नुकसान की 100 फीसदी भरपाई नहीं कर देते हैं। सार्वजनिक संपत्ति नुकसान रोकथाम अधिनियम 1984 केंद्रीय कानून है।

### योगी ने बरती सख्ती और शांत हो गए थे उपद्रवी

सीएम योगी ने सीधे–सीधे कहा कि वे विरोध करने की इजाजत देते हैं, क्योंकि यह अधिकार हमारा संविधान देता है, लेकिन विरोध के नाम पर सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों को वे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। सीएम योगी ने साफ तौर से कहा कि पुलिस उपद्रवियों की लिस्ट तैयार करेगी और उनकी संपत्तियों को बेचकर सरकार को हुए नुकसान की भरपाई करेगी। योगी के इस आदेश के बाद उपद्रव के आरोपियों की संपत्ति की कुर्की का दौर जारी है।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact: **Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in